प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai- 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

31 मार्च 2022

# बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – फरवरी 2022

चुनिंदा 40 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो फरवरी 2022 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 94 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, फरवरी 2022 में खाद्येतर बैंक ऋण[1] में 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 6.6 प्रतिशत थी।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों को प्रदत्त ऋण के संबंध में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें फरवरी 2022 में 10.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जबकि फरवरी 2021 में यह 8.6 प्रतिशत थी।
- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि फरवरी 2021 में 1.0 प्रतिशत से फरवरी 2022 में तेजी से बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गई। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 30.6 प्रतिशत की तुलना में फरवरी 2022 में 71.4 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। इसी अवधि के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि 3.1 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर 19.9 प्रतिशत हो गई और बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में 0.6 प्रतिशत की कमी की तुलना में 0.5 प्रतिशत की सीमांत वृद्धि दर्ज की गई।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', तथा 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि फरवरी 2022 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में तेजी से बढ़ी है। हालांकि, 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'रत्न और आभूषण', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'कपड़ा', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।
- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक साल पहले के 8.8 प्रतिशत की तुलना में फरवरी 2022 में 5.6 प्रतिशत पर रही। सेवाओं के भीतर, एनबीएफसी को प्रदत्त ऋण में फरवरी 2022 में 14.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले यह 7.0 प्रतिशत थी।
- व्यक्तिगत ऋण खंड में ऊंची दर पर विस्तार जारी रहा और वह, मुख्य रूप से आवास ऋणों एवं वाहन ऋणों की बदौलत, फरवरी 2021 में 9.6 प्रतिशत से फरवरी 2022 में 12.3 प्रतिशत की दर से बढ़ा।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1936**

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।